# सराहनीय कार्य जनपद सम्भल दिनांक 22.03.2021

## अनुमानित कीमत 40 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब 510 पेटी कुल 15,840 बोतल (हरियाणा मार्का) 01 ट्रक अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये मूल्य के साथ 01 शराब तस्कर गिरफ्तार थाना बहजोई

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल श्री चक्रेश मिश्रा के आदेश के अनुपालन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल श्री आलोक कुमार जायसवाल के निर्देशन में तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय चन्दौसी श्री अशोक कुमार के कुशल नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22.03.2021 को प्रभारी निरीक्षक श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह थाना बहजोई ने मय सर्विलांस/स्वॉट टीम के चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त **सुदेश उर्फ रोहित पुत्र कन्हैया निवासी ग्राम ततारपुर थाना बछरायूं जनपद अमरोहा** को एक ट्रक UP 21 AN 2144 में **छिपाकर ले जायी जा रही 510 पेटी कुल 15,840 बोतल अंग्रेजी शराब (हरियाणा मार्का) व अवैध शस्त्र** के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बहजोई पर निम्न अभियोग पंजीकृत किये गये।

**विवरण पूछताछ-**

अभियुक्त सुदेश उर्फ रोहित ने पूछताछ में बताया कि मैं मूल रूप से ततारपुर थाना बछरायूं जनपद अमरोहा का रहने वाला हूँ। पहले मैं ट्रक पर ड्राईवरी करता था तथा हरियाणा आना जाना रहता था। मैनें कुछ दिन पहले बरामद ट्रक खरीद लिया था। जिसमें मैं विभिन्न इन्टरनेशनल प्रोडक्टस व लकडी इत्यादि को हरियाणा व विभिन्न जगहो से लाता हूँ। मैं अपने साथी कैलाश पुत्र राम सिंह निवासी तेलीपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद के साथ हरियाणा से शराब लाकर तस्करी करके इसी ट्रक में लकडी व विभिन्न कम्पनियों के प्रोडक्ट के बीच में छिपाकर उत्तर प्रदेश व बिहार मे विभिन्न स्थानों पर डिमाण्ड के अनुसार ऊंचे दामो पर बेच देते है। हम लोग **इम्पीरियल ब्लू व मेकडॉवल्स हरियाणा मार्का शराब** की बोतलो को यहां लाकर बेच देते है। जिससे हमें बहुत अच्छा मुनाफा होता है। मैं इससे पहले वर्ष 2018 में हमारे साथी कैलाश के साथ थाना सरसावा सहारनपुर में अवैध हरियाणा मार्का शराब तस्करी में बंद हुआ था, हमारा साथी कैलाश वर्ष 2020 में थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं में इसी प्रकार ट्रक में हरियाणा की शराब तस्करी करते हुए ले जाते हुए पकड़ा गया था जो कि अभी जेल में ही है। मुरादाबाद का एक व्यक्ति अरूण नाम का है जो हमे इसमें सहायता करता है हम तीनों का कार्य पार्टनरशिप में चलता है इस समय कैलाश के जेल में होने के कारण उसका लड़का हमारे साथ कार्य करता है हमारे इस तस्करी/परिवहन के कार्य का किसी को पता न लग सके इसलिए मैं स्वयं अपने ट्रक को चलाता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1.सुदेश उर्फ रोहित पुत्र कन्हैया निवासी ग्राम ततारपुर थाना बछरायूं जनपद अमरोहा

**अन्य नामजद अभियुक्तगण के नाम पता-**

1.अरूण पुत्र कैलाश निवासी तेलीपुरा थाना छजलैट थाना मुरादाबाद

2.अरूण पुत्र नामालूम निवासी मुरादाबाद

**बरामदगी-**

1. मेकडॉवल्स – 09 पेटी कुल 108 बोतल (750 मिली0)
2. मेकडॉवल्स हॉफ– 217 पेटी (कुल 5208 बोतल)
3. मेकडॉवल्स क्वार्टर – 43 पेटी (कुल 2064 बोतल)
4. इम्पीरियल ब्लू -05 पेटी (कुल 60 बोतल) (750 मिली0)
5. इम्पीरियल ब्लू हॉफ – 124 पेटी (कुल 2976 बोतल)
6. इम्पीरियल ब्लू क्वार्टर – 113 पेटी (कुल 5424 बोतल)

कुल 510 पेटी अंग्रेजी हरियाणा मार्का शराब (कुल 15,840 बोतल)

7. एक ट्रक 12 टायरा न0 यूपी 21 एन 2144
8. एक तमन्चा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस

**पंजीकृत अभियोग –**

1.मु0अ0सं0 115/2021 धारा 60/63/72 आबकारी अधि0 थाना बहजोई बनाम सुदेश आदि 02 नफर

2.मु0अ0सं0 116/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सुदेश

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सुदेश उपरोक्त-**

1.मु0अ0सं0 59/2018 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना बहजोई श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह
2. उ0नि0 श्री सुन्दरलाल प्रभारी सर्विलांस , का0 परवेश, का0 विनय, का0 मनोज, का0 हिमांशु सर्विलांस टीम
3. उ0नि0 श्री मनोज वर्मा प्रभारी स्वॉट टीम, का0 जरीनुददीन, का0 विकास, का0 हरिओम, का0 नवनीत, का0 मानवीर, का0 कुलवन्त, का0 राहुल स्वॉट टीम
4. व0उ0नि0 श्री धीरेन्द्र गंगवार थाना बहजोई
5. उ0नि0 श्री संदीप बालियान थाना बहजोई
6. का0 965 पंकज थाना बहजोई
7. का0 332 रजनीश थाना बहजोई
8. का0 1059 कुलदीप थाना बहजोई
9. का0 334 आयूष थाना बहजोई